वर्ष 1 - अंक 9
शनिवार 23 नवम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

## माननीय मुख्यमंत्री जी के भोपाल की तरह इंदौर के बीआरटीएस को भी हटाने की

# घोषणा स्वागत करता हूं- महापौर

## लोक परिवहन की शेष व्यवस्थाएं बनी रहेगी

महापौर एवं एआईसीटीएसएल चेयरमैन पुष्यमित्र भार्गव द्वारा मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के भोपाल की तरह इंदौर के बीआरटीएस को भी हटाने की घोषणा का स्वागत करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते हुए, इस ऐतिहासिक निर्णय को जनहित में इंदौर के ट्रैफिक को सुगम बनाने की दृष्टि से और देश कि वर्तमान में परिस्थिति से निर्णय को उचित बताया है।



**इंदौर**। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के इस निर्णय को लेने के कई सारे कारण हो सकते हैं जो मुझे लगते हैं एक एबी रोड पर आने वाले समय में ट्रैफिक को सुगम बनाने की दृष्टि से 4-5 पुल बनाने की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं जिसका फिजिबिलिटी सर्वे भी बहुत तेजी से हो रहा है। दूसरा जब इस बीआरटीएस को बनाने की कल्पना हुई थी शहर में अर्बन ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने की दृष्टि से और बीआरटीएस के माध्यम से जो पैसा शहर में आया उस कारण से ये पूरा रोड बना सड़क बनी एंड टू एंड सड़क बन गई

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पूरे शहर की दृष्टि से उस बीआरटीएस को यदि हम कर पाते तो एक बड़ी उपलब्धि होती है पब्लिक ट्रांसपोर्ट की दृष्टि से इसलिए कॉमन एरिया में चलने वाले लोगों की सुविधा मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक को सुगम बनाने की दृष्टि से भविष्य में होने वाले निर्माण जो अपने आप ट्रैफिक कंजेशन को ठीक करेंगे। इन कारणों से मुख्यमंत्री जी का यह फैसला बहुत ऐतिहासिक है हम इसका स्वागत करते हैं साथ ही माननीय उच्च न्यायालय में जो जनहित याचिका लगी थी या एक और अन्य कोई याचिका जो लगी है उसके बारे में मैं यह कह सकता हूं कि भले कोई बीआरटीएस हटाने के लिए कोर्ट में गया उसको लेकर माननीय न्यायालय ने समय समय पर अलग-अलग कमिटीज भी बनाई। कई बार फैसले भी आए लेकिन आज उसको हटाने की याचिका लंबित है और माननीय मुख्यमंत्री जी का निर्णय नीतिगत निर्णय पॉलिसी डिसीजन है तो अगर यह नीतिगत निर्णय है।

महापौर भार्गव ने बताया कि एक बात मैं बहुत स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मान लीजिए बीआरटीएस हट जाता है, फिर भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट बस बंद नहीं होगी, लोगों की सुविधाओं के लिए चलने वाली बसें बनी रहेगी। हम उसको और सुगम सुलभ बनाने के लिए व्यवस्थाएं देंगे आवश्यकताएं पड़ेंगी, तो बसों की संख्या बढ़ाएंगे अभी पलासिया उसका उदाहरण है।

### क्या बसों को बदलना पड़ेगा?

### क्या नए स्टाफ बनेंगे?

प्रथम दृष्टया बस बदलनी पड़ेगी लेफ्ट हैंड पर स्टॉप बनाने पडेंगे। इतना ही हमको करना पडेगा वो हम करेंगे। इसलिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट और सुगम हो बसें जो है वो चलती रहेंगी बसें बंद नहीं होंगी। लोगों के लिए आवागमन के संसाधन और जितने बढ़ाने की आवश्यकता होगी वो बढाएंगे। बीआरटीएस जब बना तब और अभी की परिस्थितियों में बदलाव है। इसलिए यह निर्णय जनहित का है। हम इसका स्वागत करते हैं और मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते हैं।

### इसे हटाने का काम कब से कैसे?

माननीय मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की है बाकी उसके और नीतिगत पहलू और उच्च न्यायालय में उसकी जनहित याचिका भी लंबित है तो एक बार उसमें पक्ष रखने के बाद जो निर्णय आएगा, उसके बाद जो दिशा निर्देश प्राप्त होंगे उस आधार पर काम शुरू हो जाएगा।

### हाईकोर्ट फैसले के बाद ही हटाया जाएगा

चूंकि ये मामला उच्च न्यायालय में लंबित है इस पर 2-3 माननीय न्यायाधीश महोदय के अलग-अलग व्यूज भी आए हैं तो एक याचिका के निराकरण के बाद होना। माननीय मुख्यमंत्री जी ने निर्णय लिया है यह ऐतिहासिक भी है और नीतिगत भी है, ये पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसा था वैसा और मजबूत सुलभ बनाने के साथ ही उसको आगे बढाएगे। पब्लिक ट्रांसपोर्ट में कोई कमी नहीं आएगी और हम तो माननीय मुख्यमंत्री जी से केंद्र सरकार से कहेंगे इंदौर में और बस बढ़ाई जाए नई बसें लाई जाए।

# स्क्रीन टाइम डिसऑर्डर अर्थात् मोबाइल एडिक्शन के उपचार में कारगर है सहजयोग

अत्यधिक मोबाइल का उपयोग आजकल एक गंभीर समस्या बन गया है, जिसे मोबाइल एडिक्शन या स्क्रीन टाइम डिसऑर्डर कहा जाता है। यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जैसे कि आंखों की समस्या, सिरदर्द, नींद की कमी, मानसिक थकान तथा एकाग्रता की कमी। मोबाइल से अत्यधिक लगाव और विचलित मन की समस्या आजकल बहुत आम हो गई है, जो मानसिक तनाव और नींद की कमी का कारण बन सकती है। यह डिजिटल युग में लोगों की मानसिक शांति को प्रभावित कर रहा है, क्योंकि मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से लगातार सूक्ष्म रेडिएशन का प्रवाह होता है, जिससे मानसिक संतुलन बिगड़ सकता है और नींद पर भी बुरा असर पड़ता है। बच्चों में यह समस्या और भी गंभीर रूप ले रही है। मोबाइल एडिक्शन उनके संपूर्ण विकास को प्रभावित करता है। श्री माताजी निर्मला देवी प्रदत्त सहजयोग ध्यान इस स्थिति से बाहर निकालने में बहुत सहायक है। सहजयोग ध्यान के माध्यम से आपको अपने



मानसिक विचलन को नियंत्रित करने और गहरी नींद पाने में मदद मिलती है।

### चिंता और मानसिक विचलन से मुक्ति

सहजयोग ध्यान का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि हम अपने मन में उठने वाली चिंताओं और विचारों को नियंत्रित करने की कला सीखते हैं। मोबाइल के कारण जो मानसिक विचलन होता है, उसे सहजयोग ध्यान के माध्यम से बड़ी ही सहजता से नियंत्रित किया जा सकता है। सहजयोग में आप ध्यान की अवस्था में वर्तमान में स्थित होते हैं और भूत व भविष्य की चिंताओं से मुक्त हो जाते हैं। आभासी व वास्तविक का भेद स्पष्ट हो जाता है, यह आपके तनाव को कम करता है।

### एडिक्शन पर काबू पाना

अगर मोबाइल का अत्यधिक उपयोग मानसिक अस्थिरता का कारण बन रहा है, तो आपको समय-समय पर डिजिटल डिटॉक्स की आवश्यकता हो सकती है। सहजयोग ध्यान इसमें अत्यंत कारगर साबित हो सकता है क्योंकि किसी भी लत से छुटकारा पाने के लिए आवश्यक है कि आपकी इच्छा शक्ति प्रबल हो तथा मन पर आपका पूर्ण नियंत्रण हो। सहजयोग का आधार ही मन की एकाग्रता व निर्विचार स्थिति है। यहां किसी प्रकार की जबरदस्ती की आवश्यकता नहीं होती स्वत: ही जो गलत है वो छूट जाता है। सहजयोग न केवल मानसिक शांति और संतुलन को बढ़ाता है, बल्कि जीवन में अधिक जागरूकता और एकाग्रता को भी बढ़ावा देता है, जिससे जीवन में संतुलन और शांति, उन्नति व आनंद की प्राप्ति होती है। अधिक जानकारी हेतु हमारे हेल्पलाइन नं. 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# महापौर के निर्देश पर 25 नवंबर साधु वासवानी जयंती पर इंदौर शहर के समस्त मांस मछली विक्रय केंद्र रहेंगे बंद

**समाजजन ने 25 नवंबर को मांसाहार मुक्ति दिवस मनाने का किया था महापौर जी से निवेदन**



इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आगामी 25 नवंबर को प्रसिद्ध समाज सेवी और ध्यान योगी श्री साधु वासवानी जी की जयंती के अवसर पर मां शहर मुक्ति दिवस मनाते हुए शहर के समस्त मांस मछली विक्रय केंद्र को बंद करने के आदेश जारी किए गए।

विदित की समाजजन द्वारा श्री साधु वासवानी जी की शिक्षाओं से प्रेरित होकर दिनांक 25 नवंबर का दिन करुणा अहिंसा और सभी प्राणियों के प्रति सम्मान को समर्पित करते हुए, माननीय महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव से 25 नवंबर को शहर के समस्त बूचड़खाने मांस मछली विक्रय केंद्र को बंद करने का अनुरोध किया गया था।

समाज जन के अनुरोध पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आज आदेश जारी करते हुए आगामी 25 नवंबर को शहर के समस्त बूचड़खाने मांस मछली विकृत केंद्र बंद करने के निर्देश जारी किए।

# भोपाल में पराली जलाने पर रोक



भोपाल। गुरुवार देर रात कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जारी किया आदेश 2 महीने के लिए पराली यानी, नरवाई जलाने पर प्रतिबंध उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज होगी आदेश में NGT (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के आदेश का हवाला सभी एसडीएम को पराली जलाने पर कार्रवाई करने के निर्देश।



मंत्री रामविचार नेताम की गाड़ी का एक्सीडेंट... हादसे में मंत्री रामविचार नेताम गम्भीर रूप से घायल... नेशनल हाइवे 30 पर बेमेतरा के जेवरा के पास पिकअप वाहन ने मारी टक्कर..कार के परखच्चे उड़े। कबर्धा से रायपुर जा रहे थे मंत्री नेताम।

# खजराना पुलिस की त्वरित कार्रवाई

## सूचना के चंद घंटो में किया अपहर्ता को दस्तयाब नाबालिक बच्ची से दोबारा मिलकर परिवार जनों के खिले चेहरे नाबालिक बालिका की तलाश में पुलिस ने खंगाले 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खजराना पुलिस अधिकारी ने दिया संवेदनशीलता का उदाहरण

इंदौर। दिनांक 22/11/ 2024 को फरियादिया ने थाना हाजिर आकर मौखिक रिपोर्ट लिखाई कि उसकी नाबालिक बालिका उम्र 3 साल घर से बिना बताए कहीं चली गई है फरियादिया रुबीना बी ने थाना खजराना पर रिपोर्ट लिखाई थी रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 909/24 धारा 137(2) बीएनएस 2023 का कायम कर विवेचना में लिया गया था । इंदौर शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महोदय श्री अमित सिंह, श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 2 अभिनव विश्वकर्मा, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 2 अमरेंद्र सिंह, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त महोदय अनुभाग खजराना कुंदन मंडलोई द्वारा नाबालिक बालिकाओं के अपराध में त्वरित कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए गए थे।

उक्त दिशा निर्देशों के तारतम में प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी खजराना मनोज सिंह सेंधव द्वारा नाबालिक बालिका की तलाश हेतु विशेष टीम का गठन कर टीम को उचित दिशा निर्देशन देकर रवाना किया गया था पुलिस टीम द्वारा अपहारता के निवास एवं उसकी नानी के घर के आस पास तथा शहर विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज चेक करते बालिका को न्यू वैभव लक्ष्मी नगर इंदौर से दस्तियाब किया गया, और बालिका को उसके परिवार जनों के सुपुर्द किया गया, परिवारजन अपनी नाबालिक



बालिका से दोबारा मिलकर बहुत खुश हुए जिन्होंने पुलिस विभाग की खुले मन से प्रशंसा की उक्त सराहनीय कार्य को करने में थाना प्रभारी खजराना एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने निवास स्थित समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर-कमिश्नर से बैठक की



**उज्जैन।** किसानों से संबंधित मुद्दों जैसे खाद उर्वरक और बीज वितरण, धान व सोयाबीन खरीदी संबंधी व्यवस्थाएं, नरवाई प्रबंधन, पराली प्रबंधन, राजस्व महाअभियान 3.0, मिलावटखोरी रोकथाम, जनजातीय योजनाएं, सीएम हेल्पलाइन एवं प्रदेश की कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये आशा कार्यकर्ताओं को मिलेगा 5 रूपये प्रति कार्ड का भुगतान

इंदौर। इंदौर जिले में 70 एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य निरंतर जारी है। वरिष्ठ जनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को गति देने के लिये कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आशा कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा गया है। आशा कार्यकर्ताओं को 5 रूपये प्रति कार्ड के मान से भुगतान दिया जाएगा।

## मध्य प्रदेश भाजपा संगठन चुनाव की तारीख घोषित, 30 दिसंबर तक होगा जिला अध्यक्ष का निर्वाचन

मध्य प्रदेश में लंबे समय से चलते आ रहे भाजपा संगठन चुनाव को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। काफी समय से रुके हुए संगठन चुनाव की घोषणा बीजेपी ने कर दी है। 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मंडल समितियों का गठन होगा। 15 दिसंबर से 30 दिसंबर तक भाजपा जिला अध्यक्ष का निर्वाचन होगा।

### हाईकमान ने की संगठन की सराहना

दिल्ली मे संगठन चुनाव को लेकर हुई बैठक मे हाईकमान ने मध्यप्रदेश संगठन की सराहना की है। सदस्यता अभियान के बाद अब बूथ समिति के गठन पर भी मिली मध्यप्रदेश को तारीफ मध्यप्रदेश ने संगठन पर्व के तहत 74 प्रतिशत बूथ समितियों का गठन किया है। संगठन पर्व में मध्य प्रदेश भाजपा



देश में अव्वल व्हाट्सएप प्रमुख के अभिनव प्रयोग का भी बैठक में जिक्र इस बैठक में व्हाट्सएप प्रमुख के अभिनव प्रयोग का भी जिक्र गया है। बैठक में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और मध्यप्रदेश संगठन चुनाव समिति के सदस्य शामिल हुए।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्यवाही- एक ही पते पर संचालित 02 फर्मो से लिए कुल 13 नमूने,खाद्य सामग्री की गई जब्त , अनियमितता पाए जाने पर तिरुपति बेकर्स मे निर्माण कार्य कराया गया बंद

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन मे गौरव बैनल, अपर कलेक्टर इंदौर के मार्गदर्शन मे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा ग्राम बढ़िया कीमा नेमावर रोड इंदौर स्थित तिरुपति बेकर्स एन्ड कन्फक्शनर्स का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर फर्म के पार्टनर श्री नरेश गंगवानी उपस्थित पाए गए। उक्त फर्म के पते पर ग्राउंड फ्लोर पर स्थित फर्म तिरुपति बेकर्स एन्ड कन्फक्शनर्स से खाद्य पदार्थ जेली, वैफर्स एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, साथ ही 40 किलोग्राम जेली एवं 225000 नग वेफर्स जब्त किया गया जिनकी अनुमानित कीमत 40000 रूपये है।

उक्त फर्म के पते पर प्रथम तल पर फर्म तिरुपति बेकर्स स्थित पाई गई जहाँ से मैदा, खारी एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, इस प्रकार उक्त दोनों फर्मो से कुल 13 नमूने लिए



गए। तिरुपति बेकर्स में कई अनियमितताएं पाई गई जैसे - खाद्य पदार्थ जेली जमीन पर रखी पाई गई, रॉ मैटेरियल जमीन पर रख पाए गए, कर्मचारियों द्वारा कैप, अप्रोन, ग्लब्स का उपयोग नहीं किया जाना पाया गया, पेस्ट कंट्रोल का रिकॉर्ड नहीं पाया गया, कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं पाए गए, इसके अतिरिक्त तिरुपति बेकर्स में खाद्य पदार्थ के लेबल में भी त्रुटियां पाई गई। अतः प्रथम दृष्टिया उक्त प्रतिष्ठान तिरुपति बेकर्स मे खाद्य पदार्थ निर्माण की परिस्थितिया उपयुक्त ना होने के कारण उक्त फॉर्म में निर्माण कार्य सुधार होने तक तत्काल प्रभाव से बंद करवाया गया। लिए गए सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जावेगा, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जावेगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी।

# राजस्व महाअभियान 3.0: राजस्व प्रकरणों का किया जा रहा त्वरित निराकरण

## कलेक्टर सूर्यवंशी द्वारा की जा रही अभियान की सतत मॉनिटरिंग

**जिले में राजस्व महाअभियान 3.0 का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। बैतूल कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशन में जिला राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रदेश स्तर पर अग्रणी जिलों में शामिल है।**

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी द्वारा अभियान के विभिन्न पैरामीटर पर सतत निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जा रही हैं। जिसके परिणाम स्वरूप अभिलेख दुरुस्ती के नवीन दर्ज प्रकरणों में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। अभिलेख दुरुस्ती में नवीन दर्ज 126 प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया गया।

अभियान के तहत नामांतरण में जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है, अभी तक 15 नवंबर की स्थिति में दर्ज 1023 प्रकरणों में से 600 प्रकरणों का निराकरण किया जा चूका हैं। शेष प्रकरणों के निराकरण भी निर्धारित समयसीमा में करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसी प्रकार परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन और बटवारा के प्रकरणों में भी बैतूल प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हैं। जिले के समस्त अनुविभागों में यूथ सर्वेयर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री बनाने की कार्यवाही भी तेजी से की जा रही हैं। जिले में 268399 फार्मर रजिस्ट्री बनाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरुद्ध शुरुआती दिनों में ही जिले द्वारा 40873 से अधिक फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकी। फार्मर रजिस्ट्री बनाने का अभियान जिले में मिशन मोड में जारी है। आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरण के अनुसार 18 नवंबर तक अविवादित नामांतरण के कुल दर्ज 23044 प्रकरणों में से 20321 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका हैं। जोकि कुल प्रकरणों का 88.18 प्रतिशत हैं। इसी प्रकार विवादित नामांतरण में 696 प्रकरणों के विरुद्ध 643 प्रकरणों का निराकरण किया गया हैं, जोकि कुल प्रकरणों का 92.39% है। अविवादित बटवारा के कुल दर्ज 3723 प्रकरणों में से 3108 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जोकि कुल प्रकरणों का 83.48 प्रतिशत हैं। इसी प्रकार विवादित बटवारा के कुल 231 प्रकरणों में से 225 प्रकरणों का निराकरण किया गया है जोकि 97.5% है। इसी प्रकार सीमांकन के कुल दर्ज 5678 प्रकरणों में से 4922 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जोकि कुल प्रकरणों का 86.69 प्रतिशत हैं। अभिलेख दुरुस्ती के कुल दर्ज 2102 प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया गया हैं। शेष लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण भी तेजी से जारी हैं।

# जंगल दफाई की पहाड़ियों में दाढ़ी बाबा चला रहे बामन परी का फड़

## जूंआरियों ने बदला तौर तरीका जुआ फड़ संचालन का

शहडोल। पूर्व पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के जाते ही जुआ फड का संचालन करने वाले अब नए तोर और तरीके से जुआ फड कर रहे संचालन अब इनके द्वारा नवागत पुलिस अधीक्षक शहडोल के आते ही वामन परी के खेल के साथ वर्षो से संचालित जुए के फड़ की बात तो अभी तक चचाई और अमलाई थाने के बीचो-बीच दो जिलों की सीमा पर लाखों रुपए के दाव लगते थे जिसमें दूर दराज से नए-नए खिलाड़ियों का आगमन होता था और पूरी रात खुले मैदान पर या नदियों के किनारे जुआ का फड़ जोरों पर चल रहा था लेकिन अब जूंऑडियो ने बदल लिया है अपना रास्ता और नए तौर तरीके अपनाते हुए अमलाई थाना के पीछे दो जुआडीयो एक साथ संचालन में परिवर्तन कर दिया गया है अब अलग-अलग जगह पर अलग-अलग तरीके से वामन परी के खेल को संचालित किया जा रहा है जिसमें अमलाई थाना अंतर्गत चीप हाउस के पीछे जंगल दफाई की पहाड़ियों में टेंट लगाकर रात के अंधेरे में सट्टा सरगना और जूंए का रोमांचक खिलाड़ी दाढ़ी बाबा रात के अंधेरे में सर्व सुविधा युक्त जुआ फड़ अपने युवा साथियों के साथ कर रहा है संचालन और दिन के उजाले में सत्यवादी हरिश्चंद्र और दानवीर कर्ण बनने का प्रयास करता है या फिर कहें की एक कहावत चरितार्थ होता है कि "चोरी और सीना जोरी" इस अवैध जुआ संचालन में जुऑडियो का साथ दे रहे तीन स्टार एवं कुछ तथा कथित वर्दी धारी नीले रंग के नोट की चमक में भूल गए नियम और कायदे बदनाम कर रहे हैं कानून की व्यवस्था को ऐसे लोग कौन है जिम्मेदार? कब होगी इन पर कार्यवाही? अब देखना यह है कि नवागत पुलिस अधीक्षक शहडोल के द्वारा इन फड़ बाज जूंआरी पर कैसे करते हैं कार्यवाही।








